कक्षा बारहवीं

जनसंचार माध्यम एवं अभिव्यक्ति पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

1) मूलतः रेडियो है

(क) एकरेखीय माध्यम

(ग) त्रिरेखीय माध्यम

(ख) द्विरेखीय माध्यम

(घ) इनमें से कोई नहीं

2)निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमुख जनसंचार माध्यम है?

(क) प्रिंट मीडिया

(ख) टी.वी. व रेडियो

(ग) इंटरनेट

(घ) ये सभी

3) किसी भी माध्यम के लेखन के लिए किसे ध्यान में रखना होता है?

(क) माध्यमों को

(ख) लेखक को

(ग) जनता को

(घ) बाजार को

4)आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम क्या है?

(क) अखबार

(ख) रेडियो

(ग) टेलीविजन

(घ) सिनेमा

5)आधुनिक युग की शुरुआत किससे हुई?

(क) मुद्रण के आविष्कार से

(ख) रेडियो के आविष्कार से

(ग) टी.वी. के आविष्कार से

(घ) इंटरनेट के आविष्कार से

6)मुद्रण की शुरुआत कहाँ से हुई?

(क) भारत

(ख) अमेरिका

(ग) चीन

(घ) अरब

7)भारत में पहला छापाखाना कहाँ और कब खुला

(क) बंगलुरु, 1550

(ख) गोवा, 1556

(ग) हैदराबाद, 1600

(घ) मुंबई, 1756

8)रेडियो समाचार की संरचना आधारित होती है?

(क) सीधा पिरामिड शैली पर

(ख) उल्टा पिरामिड शैली पर

(ग) समानांतर पिरामिड शैली पर

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

9) रेडियो के समाचार लेखन के लिए आवश्यक बुनियादी बातें हैं

(क) साफ-सुथरी और टाइप्ड कॉपी

(ख) डेडलाइन, संदर्भ और संक्षिप्ताक्षर का प्रयोग

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

10) प्रसारण के लिए तैयार की जा रही समाचार कॉपी को टाइप किया जाना चाहिए

(क) सिंगल स्पेस में

(ख) डबल स्पेस में

(ग) ट्रिपल स्पेस में

(घ) फोर स्पेस में

11)रेडियो समाचार लेखन के लिए निम्न में से क्या आवश्यक है

(क) कॉपी के दोनों ओर पर्याप्त हाशिया छोड़ा जाना चाहिए

(ख) एक लाइन में अधिकतम 12-13 शब्द होने चाहिए

(ग) एक से दस तक के अंकों को शब्दों में लिखा जाना चाहिए

(घ) उपरोक्त सभी

12) टेलीविजन माध्यम है

(क) दृश्य माध्यम

(ख) श्रव्य माध्यम

(ग) दृश्य-श्रव्य माध्यम

(घ) इनमें से कोई नहीं

13)टेलीविजन के लिए समाचार या स्क्रिप्ट लिखते समय कौन-सी बात ध्यान रखनी आवश्यक है?

(क) शब्द परदे पर दिखने वाले दृश्य के अनुकूल हों

(ख) शब्दों को किसी भी तरह से लिखा जा सकता है

(ग) शब्द सुनने के अनुकूल होने चाहिए दृश्य के नहीं

(घ) शब्दों की दृश्य या श्रव्य में अनुकूलता आवश्यक नहीं है

14)मुद्रित माध्यमों की विशेषता है

(क) छपे हुए शब्दों में स्थायित्व

(ख) लिखित भाषा का विस्तार

(ग) चिंतन, विचार और विश्लेषण का माध्यम

(घ) उपरोक्त सभी

15)रेडियो माध्यम

(क) दृश्य माध्यम

(ख) श्रव्य माध्यम

(ग) दृश्य-श्रव्य माध्यम

(घ) इनमें से कोई नहीं

16) रेडियो में कौन-सी सुविधा उपलब्ध नहीं होती?

(क) एक ही समाचार को कभी भी और कहीं से भी नहीं सुन सकते

(ख) किसी गूढ़ शब्द के अर्थ को समाचार के दौरान नहीं ढूँढ सकते

(ग) अखबार की तरह पीछे लौटकर नहीं सुन सकते

(घ) उपरोक्त सभी

17) टेलीविजन पर खबर वस्तुतः कितने हिस्सों में बँटी होती है

(क) तीन

(ख) चार

(ग) दो

(घ) पाँच

18)किसी बड़ी खबर को टीवी पर किस रूप में दिखाया जाता है?

(क) टीवी के परदे के निचले हिस्से में

(ख) ब्रेकिंग न्यूज के रूप में

(ग) गौण रूप में

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

19) जब रिपोर्टर घटना स्थल पर होता है, तो ख़बर का प्रारूप किस चरण में होता है?

(क) लाइव

(ख) एंकर-बाइट

(ग) फोन-इन

(घ) एंकर-पैकेज

20) सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए शानदार प्रस्तुति देते ये बच्चे इस तरह की खबर जनसंचार के किस माध्यम के लिए उपयुक्त है?

(क) प्रिंट मीडिया

(ख) टी.वी.

(ग) समाचार-पत्र

(घ) इंटरनेट

21) टी. वी. के लिए खबर लिखते समय किस तरह की आवाजों का ध्यान रखना जरूरी है?

(क) बाइट या कथन

(ख) प्राकृतिक आवाजें (नेट साउंड)

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) अवरक्त ध्वनि

22) इंटरनेट पत्रकारिता को कहा जाता है

(क) ऑनलाइन पत्रकारिता

(ख) साइबर पत्रकारिता

(ग) वेब पत्रकारिता

(घ) उपरोक्त सभी

23) इंटरनेट है

(क) केवल एक टूल

(ख) एक सॉफ्टवेयर

(ग) एक हार्डवेयर

(घ) एक यांत्रिक उपकरण

24)इंटरनेट पर पत्रकारिता के कितने रूप हैं?

(क) पहला खबरों के संप्रेषण के लिए इंटरनेट का उपयोग

(ख) दूसरा रिपोर्टर द्वारा अपनी खबर को एक जगह से दूसरी जगह ई-मेल द्वारा भेजना

(ग) (क) और (ख) दोनों

(घ) तीसरा खबरों का मुद्रण करना

25)पत्रकारिता में इंटरनेट का कार्य है

(क) समाचारों का संकलन करना

(ख) खबरों का सत्यापन करना

(ग) खबरों का पुष्टिकरण

(घ) उपरोक्त सभी

26) इंटरनेट द्वारा एक सेकंड में कितने शब्द भेजे जा सकते हैं

(क) 56 हजार

(ख) 60 हजार

(ग) 70 हजार

(घ) 80 हजार

27) इंटरनेट पत्रकारिता कितने प्रकार की होती है

(क) एक

(ख) दो

(ग) तीन

(घ) चार

28)नेट साउंड किस माध्यम से संबंधित है

(क) इंटरनेट से

(ख) टेलीविजन से

(ग) रेडियो से

(घ) सिनेमा से

29) रेडियो और टी.वी. के लिए भाषा कैसी होनी चाहिए?

(क) वाक्य छोटे, सीधे और स्पष्ट होने चाहिए

(ख) भाषा प्रभावी व संप्रेषणीय होनी चाहिए

(ग) भाषा मुहावरेदार व स्वाभाविक होनी चाहिए

(घ) उपरोक्त सभी

30) टी.वी. में किस तरह के शब्द सहज माने जाते हैं

(क) क्रय-विक्रय की जगह खरीद-बिक्री

(ख) स्थानांतरण की जगह तबादला

(ग) पंक्ति की जगह कतार

(घ) उपरोक्त सभी

31)विश्व स्तर पर इस समय इंटरनेट पत्रकारिता का कौन-सा दौर चल रहा है?

(क) पहला

(ख) दूसरा

(ग) तीसरा

(घ) चौथा

32)विश्व स्तर पर इंटरनेट का पहला दौर कब तक चला

(क) 1890-1982

(ख) 1982-1992

(ग) 1992-1998

(घ) 1998-2000

33. विश्व स्तर पर इंटरनेट का दूसरा दौर कब तक चला

(क) 1982-1992

(ख) 1982-1993

(ग) 1993-2001

(घ) 2001-2003